तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 9 मई 2024



प्रतिबंधित स्थल पर जलक्रीड़ा के लिए रोजाना जुट रही सैकड़ों की भीड़





## खबर संक्षेप

### मतदान खत्म, राधेश्याम ने शुरु की किसानी

**रायगढ़।** 7 मई को मतदान होते ही रात अपने परिवार के साथ बिताने वाले बीजेपी उम्मीदवार राधेश्याम राठिया करीब दो माह के बाद 8 मई की दोपहर भोजन के बाद धूप की तपिश कम होते ही शाम को राधेश्याम अपने खेत गए और वहां परिजनों द्वारा लगाए मूंगफली, उड़द तथा धान फसल की सुध ली। भारतीय जनता पार्टी द्वारा 2 मार्च को किए अधिकृत घोषणा में राधेश्याम राठिया को रायगढ़ लोकसभा सीट से कैंडिडेट बनाया गया। इसके बाद राधेश्याम की दिनचर्या ऐसी बदली कि 6 मई तक रायगढ़ और जशपुर सहित सारंगढ़ क्षेत्र में 65 रोज तक उनको तूफानी दौरा करना पड़ा। यही कारण है कि मतदान होने के बाद खेत खलिहान की याद आने पर राधेश्याम वहां गए और किसान पुत्र होने का फर्ज निभाया।

### 1 हाइवा व 2 ट्रैक्टर किया जब्त

**सारंगढ़।** कलेक्टर धर्मेश साहू द्वारा दिए गए निर्देश के परिपालन में खनि अधिकारी हीरादास भारद्वाज के मार्गदर्शन मे खनिज विभाग की टीम ने भटगाव क्षेत्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। जांच के दौरान खनिज चूना पत्थर के अवैध परिवहन मे संलिप्त 01 हाइवा जिसे थाना भटगाव के सुरक्षार्थ में दिया गया तथा 2 ट्रैक्टर को जप्त कर सुपुर्दगी की कार्यवाही की गई। यह कार्यवाही छ्त्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 एवं ख़ान एवं खनिज विकास आधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत की जाएगी।साथ ही अवैध उत्खनन परिवहन एवं भण्डारण की कार्रवाई आगे भी निरंतर कलेक्टर धर्मेश साहू के निर्देश पर की जायेगी। मौके पर निरीक्षण के दौरान खनिज टीम में दीपक पटेल, अनुराग नंद के साथ सुरक्षा बल शामिल थे।

### सर्पदंश से महिला की मौत, मर्ग कायम

**रायगढ़।** घरेलू काम काज के बाद घर आई महिला के पैर में अज्ञात जहरीले सर्प ने काट लिया, जिससे उसकी मौत उपचार के दौरान हो गई। घटना ग्राम गेरवानी सरायपाली की है। जानकारी के मुताबिक कलमा नाग पति राम प्रसाद उम्र 34 साल ग्राम चिकनीपानी लुड़ेग की रहने वाली है। महिला वर्तमान में घरेलू काम के लिए ग्राम गेरवानी सरायपाली थाना पूंजीपथरा की रहने वाली है। मृतिका उसी गांव के एक व्यक्ति के घर में ही रहकर घरेलू काम काज करती थी। रोजाना कि तरह वह काम करने के बाद दिए गए क्वार्टर में आराम करने के लिए शाम को बैठी थी। इस बीच अज्ञात जहरीले सांप ने उसके पैर में काट लिया। जिससे वह असहनीय दर्द से चीखने चिल्लाने लगी। चीख पुकार को सुनकर घर मे मौजूद लोगों ने उसे उपचार के लिए तत्काल मेडिकल कालेज अस्पताल लेकर आए। यहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। शुक्रवार को अस्पताल प्रबंधन की तहरीर पर थाना चक्रधर नगर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में ली हैं।

### व्यय लेखा प्रस्तुत नही करने पर नोटिस जारी

**रायगढ़।** रायगढ़ संसदीय क्षेत्र क्रमांक 02 के निर्दलीय अभ्यर्थी रूपनारायण एक्का एवं अभय कुमार एक्का को 6 मई तक व्यय लेखा प्रस्तुत करने हेतु सूचना पत्र दिया गया था। किन्तु उनके अथवा उनके अभिकर्ता द्वारा अभ्यर्थी व्यय पंजी निरीक्षण हेतु उपस्थित नहीं हुए। इस संबंध में रूपनारायण एक्का एवं अभय कुमार एक्का को 3 दिवस के अंदर कारण दर्शित करते हुए अपना स्पष्टीकरण रिटर्निंग ऑफिसर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र.02 रायगढ़ के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु कहा गया हैए अन्यथा आईपीसी की धारा 171.झ के तहत प्रकरण दर्ज किया जाकर उन्हें प्रदान की गई वाहन अनुमतिध्अन्य समस्त अनुज्ञा के निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि जिला निर्वाचन अधिकारी एवं व्यय प्रेक्षक के द्वारा 22 अप्रैल को कार्यालय कलेक्टर रायगढ़ के सभाकक्ष में सभी अभ्यर्थियों के साथ बैठक आयोजित की गई थी।


### लोकसभा चुनाव में पिछले चुनाव के मुकाबले मतदान में मामूली बढ़त

# नेताओं की दलील, अफसरों की अपील भी नहीं बढ़ा सकी मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

नेताओं की दलील और अफसरों की अपील भी मतदान का प्रतिशत नहीं बढ़ा सकी। कुछ माह पहले हुए विधानसभा चुनाव के मतदान के मुकाबले मामूली बढ़त लोकसभा चुनाव के वोटिंग में सामने आई है लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने की जो कोशिश और अपेक्षा निर्वाचन आयोग के द्वारा की जा रही थी वह पूरी नहीं हुई। लोकसभा चुनाव के तृतीय चरण में शामिल रायगढ़ संसदीय क्षेत्र में इस बार मतदाताओं ने 2019 के मुकाबले उदासीन रवैया अपनाया। स्वीप प्लान की रैली, नाटक समेत अन्य गतिविधियां मतदाताओं का उत्साह नहीं बढ़ा सकी इससे पुरुष और महिला मतदान प्रतिशत में अंतर आया। प्रदेश में भी रायगढ़ का प्रदर्शन बहुत बेहतर नहीं रहा। मतदान प्रतिशत सामने आने के बाद प्रशासनिक अधिकारी, नेता और कार्यकर्ता भी आश्चर्यचकित है।

18वें लोकसभा चुनाव के लिए 7 मई को रायगढ़ संसदीय क्षेत्र में मतदान के तृतीय चरण में वोट डाले गए। रायगढ़, सारंगढ़ व जशपुर के तीनों की 8 विधानसभा अंतर्गत हुआ कुल मतदान प्रतिशत 78.75 रहा। पूरे संसदीय क्षेत्र में कुल 9 लाख 8 हजार 93 पुरुष मतदाताओं और 9 लाख 30 हजार 4 सौ महिला मतदाता व 50 तृतीय श्रेणी के वोटर समेत कुल 18 लाख 38 हजार 547 मतदाताओं में से 16 लाख 49 हजार 673 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। रायगढ़ संसदीय क्षेत्र में 7 लाख 17 हजार 164 पुरुष व 7 लाख 32 हजार 485 महिला मतदाआतों ने वोट डाले। वोटिंग का कुल प्रतिशत 78.85 रहा। इनमें जशपुर जिले के जशपुर विधानसभा में कुल मतदान प्रतिशत 75.44, कुनकुरी में 77.20, पत्थलगांव में 77.96 प्रतिशत मतदान हुआ वहीं सारंगढ़ जिले में 74.66 फीसद मतदान रिकार्ड किया गया। यहां दो लाख 67 हजार 77 मतदाताओं में से एक लाख 99 हजार 394 मतदाताओं ने वोट दिए। रायगढ़ जिले के 4 विधानसभाओं के अंतर्गत रायगढ़ में 75.45 फीसद मतदान किया गया है यहां कुल मतदाताओं की संख्या 2 लाख 62 हजार 447 में से 1 लाख 98 हजार 17 मतदाताओं ने अपने मतदाधिकार का प्रयोग किया। वहीं लैलूंगा में 84.26 प्रतिशत, खरसिया में 83.54 प्रतिशत व धरमजयगढ़ में 84.61 फीसद हुआ है।



### 2019 में हुआ था 77.78 फीसद मतदान

बीते 2019 के लोकसभा चुनाव में रायगढ संसदीय क्षेत्र में कुल 77.78 प्रतिशत मतदान रिकार्ड किया गया था। इसके अंतर्गत जशपुर में 81.82 प्रतिशत, कुनकुरी में 74.7 प्रतिशत पत्थलगांव में 81.36 प्रतिशत, लैलूंगा में 81.82, रायगढ में 74.7, सारंगढ़ में 79.91, खरसिया में 81.36 व धरमजयगढ़ में 81.96 प्रतिशत मतदान किया गया था। मतदान प्रतिशत इस बार यथावत रहने को लेकर राजनैतिक जानकार भी चुनाव परिणामों की कोई भविष्यवाणी करने में हिचक रहे हैं। वहीं दोनों दल अपने अपने पक्ष में मतदान का दावा कर रहे हैं।

### स्वीप गतिविधियों पर लगा प्रश्न चिन्ह

लोकसभा चुनाव में वोटिंग बढ़ाने के लिए प्रशासन की ओर से स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया गया। इनमें मतदाताओं की जागरुकता के लिए रैली, नुक्कड़ नाटक, रक्तदान, सफाई, दीप प्रज्ज्वलन, साइकिल दौड़, मैराथन और मतदान शपथ जैसे कार्यक्रम किए गए फिर इसका प्रतिसाध देखने को नहीं मिला। शहरी इलाकों में जहां कार्यक्रम हुए वहीं उदासीनता नजर आई। कुछ ग्रामीण इलाकों में भी लोगों ने वोट कम डाले। चुनाव में वोटरों की उदासीनता कहीं न कहीं कोई संकेत है जिसे पढ़ने की कोशिश नहीं हो रही है।



# शार्ट सर्किट से कपड़ा दुकान में लगी आग, दो लाख माल स्वाहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर के हृदय स्थल सुभाष चौक स्थित कपड़ा व्यवसायी अमित उदासी के अमित क्लॉथ स्टोर में बुधवार दोपहर शॉट सक्रिट से आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि देखते देखते दुकान में लगा करीब दो लाख का माल और एसी समेत सबकुछ जलकर राख हो गया। सूचना मिलते ही दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग को आसपास के दुकानों तक फैलने से रोकने का प्रयास करते हुए आग पर काबू पाया। गर्मी बढ़ने के साथ ही शहर में आगजनी की घटनाएं बढ़ गई है। दमकल विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 1 अप्रैल से लेकर 8 मई के बीच कुल 22 आग लगने की घटनाएं घटित हुई है। जिनमें से अधिकतर घटनाएं शॉट सक्रिट की वजह से घटित हुई है। वही बीते वर्ष 1 अप्रैल 23 से 31 मार्च 24 तक कुल करीब 150 आगजनी की घटनाएं जिले में घटित हुई हैं। सुभाष चौक में बुधवार को लगी आग भयानक लपटों के साथ आसपास की दुकानों को यदि अपने जद में ले लेती तो बढ़ी हानि हो सकती थी। गौरतलब है कि गर्मी बढ़ने के साथ ही जिले भर में बिजली की कटौती और वोल्टेज की समस्या बढ़ गई है। इस दौरान आती जाती बिजली के पावर डिस्टीब्यूशन के कारण कहीं ट्रांसफार्मर जलने की घटनाएं हो रही है तो कहीं लोगों के घरों में महंगे बिजली उपकरण खराब व नष्ट हो रहे हैं। एक माह के भीतर शहर में ही दो बड़े ट्रांसफार्मर आगजनी की भेंट चढ़ चुके हैं।

- शहर के सुभाष चौक स्थित अमित क्लॉथ की घटना

# थोक फल कारोबारियों की मनमानी पर लगाम कसने में मंडी प्रशासन फेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



गर्मी का मौसम शुरू होते ही फलों का राजा आम बाजार में पहुंच गया है। केले और पपीते की भी भरमार है। फलों के थोक कारोबारी इन्हें समय से पहले पकाने के लिए हानिकारक रसायानों का उपयोग कर रहे हैं। ऐसे में इनके सेवन से पेट सम्बंधी कई बीमारियां हो सकती हैं। विशेषज्ञों के अनुसार आम में विटामिन सहित फाइबरए कैल्शियमए आयरन सहित कई पोषक तत्व होते हैं। इन्हें पकाने के लिए रसायन का उपयोग करने से विटामिन की मात्रा कम हो जाती है। कैल्शियम कार्बाइड से फलों को पकाने की प्रक्रिया में एसिटिलीन गैस निकलती है, जो जहरीली होती है। यह हृदय पर बुरा प्रभाव डालती है। याददाश्त कमजोर होती है। फलों और सब्जियों को ताजा बनाए रखने के लिए प्राकृतिक मोम के इस्तेमाल को फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड अथॉरिटी की ओर से अनुमति दी गई है। केमिकल युक्त मोम के इस्तेमाल की अनुमति नहीं है। मुनाफा कमाने के लिए कुछ फल कारोबारी कैमिकल युक्त मोम का इस्तेमाल करते हैं। पाल विधि से पकाना बंदरू पहले फल व्यापारी पुरानी विधि घास की पाल से फलों को पकाते थे। इसमें पांच से आठ दिन लगते थे। जबकि रसायन से एक.दो दिन में पक जाते हैं। केलों को पकाने रसायन के घोल में डुबो देते हैं जिससे कुछ ही घंटों में पक जाते हैं। धोकर खाएं फल सब्जी विशेषज्ञों के अनुसार कार्बाइड से पके फल व सब्जियों में विटामिनए थायमिनए नाइसिनए राइबोफ्लेविन तथा कुछ खनिज पदार्थ नष्ट हो जाते हैं। ऐसे फल सब्जियां शरीर में गर्मी उत्पन्न करते हैं। हृदय व नाड़ी की गति को तेज करते हैं। इसलिए फलों व सब्जियों को अच्छी तरह धोने के बाद भी खाना चाहिए। जबकि पाल ;देशी विधिद्ध से पके फलों में पोषक तत्वों की कमी नहीं होती। सेंधा नमक मिले पानी करें उपयोगरू विशेषज्ञों के अनुसार पानी में एक चम्मच सेंधा नमक मिलाकर उसमें फल.सब्जियों को कुछ समय के लिए डुबोकर रख दें। इससे उन पर लगे कैमिकल पदार्थ घुल कर बाहर निकल जाएंगे।

### मंडी का कार्य नहीं

फलों एवं सब्जियों में कैमिकल की जांच करना मंडी प्रशासन के कार्यभार में शामिल नहीं है। यह कार्य नगर निगम अथवा खाद औषधि विभाग का है।

**आरके पंडा**
कृषि ऊपज मंडी रायगढ़

# अघोषित बिजली कटौती से परेशान होने लगे शहरवासी, बढ़ा लोड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

इस बार मार्च के अंतिम सप्ताह से लेकर अब तक एक माह के दरमियान लगातार बदलते रहे मौसम का असर बिजली तंत्र पर भी खूब पड़ा है। जहां एक ओर तापमान में उतार चढ़ाव होता रहाए वहीं बिजली भार भी कम ज्यादा होता रहा। अब गर्मी तेज हुई तो बिजली भार भी बढने लगा है।

ऐसे में रात को कई क्षेत्रों में बिजली बंद होना आमजन के लिए तकलीफदेह होने लगा है। पश्चिमी विक्षोभ का असर खत्म होने के बाद बढ़े तापमान के साथ ही बिजली खपत में भी फिर बढ़ोतरी हो गई। ऐसे में जिले का विद्युत तंत्र फिर फुल केपेसिटी की ओर बढ़ रहा है। रात के अलावा दिन में कई बार बिजली गुल होने से लोग परेशान हो रहे हैं। सामान्य दिनों की तुलना में पावर लोड 30 मेगावाट तक बढ़ा है। बढ़े भार का नतीजा ये कि विद्युत लाइनों के फाल्ट बढ़ गए हैं। अधिकतम गर्मी की स्थिति में शहर का पावर लोड पूर्ण क्षमता पर 150 मेगावाट और जिलेभर का 400 मेगावाट होगा।




### विद्युत भार की बदलती स्थिति

- 100 मेगावाट था शहर का विद्युत भार एक माह पहले।
- 130 मेगावाट विद्युत भार शहर का वर्तमान में पहुंचा।
- 310 मेगावाट था जिले का विद्युत भार एक माह पहले।
- 350 मेगावाट विद्युत भार जिले का वर्तमान में हो गया।

### अगले माह प्री मानसून मेंटनेंस

मानसून से पहले खासतौर पर मेंटिनेंस के लिए शटडाउन रखा जाता है। ऐसे में जून में मानसून आने से पहले मई से प्री मानसून मेंटिनेंस का काम शुरू हो जाएगा। लिहाजा गर्मी में हर दिन 20-30 कॉलोनियों की बिजली बंद रखी जाएगी। ऐसे में गर्मी से आहत शहरवासियों का मर्ज बिजली बंद होने से और बढ़ जाएगा। विद्युत मंडल के अधिकारियों का कहना है कि गर्मी के साथ विद्युत भार बढना स्वाभाविक है। इसमें भी रात 9 से 11 बजे के बीच ज्यादा रहता है। वजह ये कि घरों में इस समय में एसी ऑन होते हैं। करीब दो घंटे बाद घर का तापमान अनुकूल होने पर कंप्रेसर लोड नहीं खिंचना बंद कर देता है।

# मतदान के बाद युवती ने किया अग्निस्नान

**रायगढ़।** सारंगढ़ क्षेत्र की एक महिला ने वोट देने के बाद अपने घर के पीछे खेत में अग्निस्नान कर लिया। बुरी तरह झुलसी अग्निदग्धा ने रायगढ़ में सघन उपचार के बाद भी दुनिया को असमय अलविदा कह दिया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक सारंगढ़ के ग्राम बंजारी निवासी राजिम बाई पिता सम्मेलाल पारधी 45 वर्ष की शादी हुई थी, मगर पति से अनबन होने पर वह अपने मायके में ही रहती थी। बीते 7 मई को बंजारी के पोलिंग बूथ में मतदान कर घर लौटने वाली महिला को न जाने क्या सूझी कि वह खेत गई और अपने शरीर में घासलेट उड़ेलते हुए आग लगा ली।

महिला की चीख चीत्कार सुनकर बदहवास परिजन जब मौके पर पहुंचे तो राजिम बाई आग की लपटों से घिर चुकी थी। किसी तरह आग बुझाने के बाद बुरी तरह झुलसी महिला को नजदीकी सारंगढ़ के अस्पताल ले जाया गया तो प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे रायगढ़ रेफर कर दिया। तकरीबन 80 फीसदी झुलसी राजिम बाई को केजीएच के बर्न वार्ड में दाखिल किया गया। फिर भी उसकी जान नहीं बची और वह काल कलवित हो गई। बुधवार दोपहर जिला चिकित्सालय में पंचनामा तैयार करने वाले सहायक उपनिरीक्षक दिलीप बेहरा ने बताया कि महिला तलाकशुदा थी। फिलहाल पोस्टमार्टम के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों के हवाले कर दिया गया है। पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

# थम नहीं रहा फर्जी नंबर प्लेट लगे वाहनों से चावल का परिवहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रानीसागर गोदाम में एक और फर्जी नंबर प्लेट वाली गाड़ी पकड़ी गई। प्रबंधक ने चावल लेने से मना कर दिया तो गाड़ी वापस चली गई। एक राइस मिलर ने स्टेट वेयरहाउस के गोदाम में चावल जमा करने ट्रक भेजा था।

इस ट्रक के पेपर सीजी 13 एएक्स 3951 के नाम से बने थे। वाहन किसी कपिल शर्मा के नाम पर है। सूत्रों के मुताबिक ट्रक को देखने पर कुछ संदेह हुआ तो प्रबंधक ने गाड़ी के कागजात मांगे। गाड़ी के आरसी बुक की पूरी जानकारी नहीं दी गई। ट्रक में कोई नंबर ही नहीं था। जब गाड़ी के पूरे पेपर मांगे गए तो ड्राइवर गाड़ी लेकर भाग गया।

आरटीओ को सूचना दी जाती तो बड़ा रैकेट सामने आता। इस तरह के दो मामले सामने आ चुके हैं। खरसिया में धड़ल्ले से फर्जी बीमा वाली गाडियां दौड़ रही हैं। फर्जी नंबर प्लेट लगाकर भी गाड़ियों से चावल की ढुलाई की जा रही है। खरसिया के राइस मिलरों के पास भी ऐसी गाड़ियां हैं। इस बड़े रैकेट को पकड़ने के बजाय इतने समय तक छिपाया जाता रहा। खरसिया में कभी जांच ही नहीं की गई। कई दिनों तक अभियान चलाने पर आरटीओ को लाखों का राजस्व प्राप्त होगा। अभी तक एक भी गाड़ी को लेकर कार्रवाई नहीं की गई है। पुलिस भी ऐसे फर्जी नंबर प्लेट वाली गाडियों को छोड़ रही है। उल्लेखनीय है कि फर्जी नंबर प्लेट और फर्जी बीमा की गाड़ियां चलाने का खुलासा हुआ है, कुछ ट्रक अंडरग्राउंड कर दिए गए हैंए लेकिन अभी भी कई गाड़ी मालिक बेधडक़ राइस मिलों का चावल ले जा रहे हैं। गुरुवार को एक और फर्जी नंबर प्लेट वाली गाड़ी पकड़ी गई। ट्रक में दूसरी गाड़ी का नंबर प्लेट लगाकर चलाने का मामला भी उजागर हो चुका है। सबसे ज्यादा फर्जीवाड़ा खरसिया में हो रहा है। इससे पहले खरसिया की ही एक मिलर की गाड़ी एफसीआई में फर्जी नंबर प्लेट लगाकर चावल उतारने पहुंची थी,जिसकी जांच के बाद चालक भाग गया।

- रानीसागर से सामने आया फर्जी नंबर का दूसरा मामला

### पंजीयन करने के बाद एलॉट हो गए थे छग के नंबर

# नागालैंड से एनओसी रजिस्ट्रेशन,140 गाड़ियां ब्लैकलिस्टेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में नगालैंड से गाड़ियों को वैधता देने का एक रैकेट चल रहा है। परिवहन विभाग को काफी देर से इसका पता चला। इसके बाद 140 गाडिय़ों को ब्लैक लिस्ट किया गया है। इससे ट्रांसपोर्टरों में खलबली मची हुई है। हैरानी की बात यह है कि ये गाडिय़ां अभी भी जिले के अंदर चल रही हैं।

कोयला समेत कई दूसरे उत्पादों की ढुलाई का बड़ा बिजनेस रायगढ़ में चलता है। इसके लिए भारी वाहनों की जरूरत पड़ती है। गाडिय़ों में बीमा, फिटनेस, परमिट, टैक्स आदि की अनिवार्यता होने के बावजूद कई वाहन नियम विरुद्ध चलते हैं। अब एक बड़ा मामला सामने आया है। मिली जानकारी के मुताबिक रायगढ़ जिले में नागालैंड राज्य के नंबर वाली कई गाडियां रजिस्ट्रेशन के लिए आईं। एनएल नंबर की इन गाडिय़ों को एनओसी मिली थी। रायगढ़ आरटीओ ने एनओसी के आधार पर गाडिय़ों का रजिस्ट्रेशन कर छग का नंबर आवंटित कर दिया। रायपुर समेत कुछ जिलों में गड़बड़ी पकड़े जाने पर परिवहन विभाग की ऑडिट टीम रायगढ़ पहुंची थी। डाटाबेस चेक करने पर नागालैंड की 140 गाड़ियों को यहां नंबर अलॉट करने का खुलासा हुआ। जांच की गई तो बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया। बताया जा रहा है कि बिना फिजिकल वेरीफिकेशन के परिवहन विभाग ने नंबर अलॉट कर दिए थे। जांच में मामला पकड़े जाने पर चुपचाप 140 गाड़ियों को ब्लैक लिस्ट कर दिया गया। ये गाड़ियां कहां से आईंए कैसे एनओसी मिली, इसकी जांच ही नहीं की गई।




### गाड़ियां ब्लैकलिस्टेड

नागालैंड की गाडियों को एनओसी के आधार पर पंजीयन किया गया था। बाद में ब्लैक लिस्ट कर कार्रवाई की गई है।

**अमित कश्यप**
जिला परिवहन


### नहीं मिल रहा चेचिस नंबर

सूत्रों के मुताबिक नगालैंड के परिवहन विभाग की ऑनलाइन एनओसी देखकर यहां नंबर अलॉट कर दिए गए। जब इन गाड़ियों को नोटिस देकर फिजिकल वेरीफिकेशन के लिए बुलाया गया तो गाड़ी सामने ही नहीं आई। बाद में ब्लैक लिस्ट किया गया। पता चला है कि गाड़ी के नंबर से निर्माता कंपनी द्वारा जारी चेचिस नंबर, इंजन नंबर का मिलान नहीं हो रहा था। अब भी जो गाड़ी वेरीफिकेशन के लिए आ रही हैए उसे जांच कर नंबर दिया जा रहा है। अब तक मात्र दस गाडियों का ही पंजीयन किया गया है।

### कहां हैं ये गाड़ियां

इन वाहनों में ज्यादातर ट्रक हैं। अभी भी मामले से पर्दा उठना बाकी है। उदाहरण के लिए रायगढ़ के एक रोडलाइन्स की ओर से एनएल 02 क्यू 7002 के पंजीयन के लिए आवेदन किया गया है। अब इस गाड़ी के फिजिकल वेरीफिकेशन से ही पता चलेगा कि असली माजरा क्या है। परिवहन विभाग को पंजीयन के पहले वेरीफिकेशन करना थाए जो नहीं किया गया। कहा जा रहा है कि बाद में खुद को बचाने के लिए गाड़ियों को ब्लैक लिस्ट किया गया।

### कलेक्टर ने जताया मतदाताओं व निर्वाचन कर्मियों का आभार



**सारंगढ़।** जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 का मतदान शांतिपूर्ण संपादन हुआ है, जिसके लिए ज़िले के सभी मतदाताओं, निर्वाचन कार्मिक, अधिकारी, कर्मचारी, सुरक्षा बल, बीएलओ, बिहान समूह की महिला सदस्यों, एनसीसी, एनएसएस, स्कूल कालेज के छात्र छात्राओं, पत्रकारों, ग्रामीण और शहरी नागरिकों, निर्वाचन से जुड़े सभी स्तर के कर्मचारियों सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए शांतिपूर्ण मतदान में सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### सुपरमैन की दिखी झलक, 'मैन ऑफ स्टील' सूट पहनकर छा गए डेविड कोरेनस्वेट



सुपरमैन की पहली झलक मेकर्स ने साझा कर दी है। जारी की गई तस्वीर में डेविड कोरेनस्वेट कुर्सी पर बैठकर जूते पहनते नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर तस्वीर सामने आने के बाद लोगों की प्रतिक्रियाएं भी आनी शुरू हो गई हैं। सुपरमैन के फैंस के लिए सोमवार 6 मई का दिन बहुत खास रहा। दरअसल, निर्देशक जेम्स गन ने सोशल मीडिया पर नया मैन ऑफ स्टील सूट साझा कर प्रशंसकों को बड़ी सौगात दी है। सुपरमैन के इस सूट को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह पिछली फिल्म से काफी अलग होगा। अपने नए लुक को डेविड कोरेनस्वेट ने भी सोशल मीडिया पर साझा किया है। जारी की गई तस्वीर में सुपरमैन एक कुर्सी पर बैठकर अपने जूते पहनता नजर आ रहा है। वहीं, कांच की खिड़की के बाहर एक चमकता हुआ गोला दिख रहा है। खास बात यह है कि तस्वीर में सुपरमैन का यह सूट पिछली फिल्मों की तुलना में थोड़ा ढीला नजर आ रहा है। पूरे सूट में बहुत सारी रेखाएं भी नजर आ रही हैं। गन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फर्स्ट लुक शेयर करते हुए लिखा, ₹तैयार हो जाइए। सुपरमैन. 7.11.25।" इस तस्वीर के सामने आने के बाद लोगों की प्रतिक्रिया भी आनी शुरू हो गई हैं। एक यूजर ने लिखा, ₹सूट काफी अच्छा लग रहा है।₹ दूसरे यूजर ने लिखा, ₹इस फिल्म का अब और इंतजार नहीं कर पा रहा।₹ इसके अलावा और भी बहुत से यूजर्स सुपरमैन के लुक को देखकर उत्साहित नजर आए।कोरेनस्वेट से पहले, सुपरमैन की भूमिका में तीन और अभिनेता अपना जलवा दिखा चुके हैं। क्रिस्टोफर रीव (1978-87), ब्रैंडन रॉथ (2006) और हेनरी कैविल (2013-2022) इस किरदार में दर्शकों की खूब वाहवाही लूट चुके हैं। कॉरेनस्वेट को रयान मर्फी के द पॉलिटिशियन जैसे शो के लिए जाना जाता है।

## टॉलीवुड

### थिएटर के बाद अब ओटीटी पर मचाया 'मंजुम्मल बॉयज' ने धमाल



मलयालम फिल्म 'मंजुम्मल बॉयज' अब ओटीटी पर रिलीज हो चुकी है। सिनेमाघरों की तरह की यहां भी फिल्म का जलवा बरकरार है। लोग इस फिल्म का जमकर आनंद ले रहे हैं। यह एक सर्वाइवल ड्रामा फिल्म है। ओटीटी के दर्शक इसकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। खास तौर पर इसके दो सीन की सबसे ज्यादा चर्चा की जा रही है। 'मंजुम्मल बॉयज' के जिन दो सीन पर बात की जा रही है, वे श्रीनाथ भासी के किरदार सुभाष से जुड़े हुए है। एक सीन क्लाइमैक्स का है, जिसमें सुभाष को बचाया जाता है। निर्देशक ने इस दृश्य में कमल हासन की फिल्म का गाना इस्तेमाल किया है। गाने का नाम 'कम्मानी' है, जो 'गुना' फिल्म में सुनने को मिला था। इसके अलावा दूसरा सीन वह है, जिसमें सुभाष के बचपन से लेकर उसके गुफा में फंसने तक के ट्रांजिशन को दिखाया गया है। लोग इसे देखकर दंग हैं और इसे सिनेमा का चमत्कार बता रहे हैं। कुल मिलाकर 'मंजुम्मेल बॉयज' झोली भर-भरकर वाहवाही लूट रही है।

'मंजुम्मल बॉयज' का निर्देशन चिदंबरम ने किया है। इसे 22 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। इसे हाल ही में, ओटीटी प्लेटफॉर्म 'डिज्नी प्लस हॉटस्टार' पर रिलीज किया गया है, जहां इसे दर्शकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। यह फिल्म सच्ची घटना पर आधारित है। इसमें दोस्तों के एक समूह की कहानी को दिखाया गया है, जो छुट्टी मनाने जाते हैं, लेकिन एक गुफा में फंस जाते हैं। मालूम हो कि फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 200 करोड़ से ज्यादा का कारोबार किया था।

## भोजपुरी

### मांग में सिंदूर और गले में वरमाला शुरू हुई 'दीदी नंबर 1' की शूटिंग



भोजपुरी एक्ट्रेस रानी चटर्जी और देव सिंह के शादी के दौरान की फोटो सामने आई हैं। हालांकि ये असल में नहीं हो रही। बल्कि फिल्म 'दीदी नंबर 1' के सेट से फोटो वायरल हो रही हैं। इसमें शादी के मंडप में अग्नि के फेरे लेती हुई नजर आ रही हैं। भोजपुरी फिल्म स्टार इंडस्ट्री के वर्सेटाइल एक्टर देव सिंह और भोजपुरी क्वीन रानी चटर्जी की अपकमिंग फिल्म 'दीदी नंबर 1' की शूटिंग शुरू हो गई है। इसी बीच फिल्म के सेट से कुछ तस्वीरें भी वायरल हुई हैं, जिसमें देव सिंह और रानी चटर्जी की शादी का सीक्वेंस दिख रहा है। इस फिल्म के निर्माता हाईक्यू और B4U के संदीप सिंह और अरविंद अग्रवाल हैं जबकि निर्देशक प्रवीण कुमार गुड्डुरी हैं। फिल्म की कहानी सामाजिक सरोकारों से जुड़ी हुई है। फिल्म का निर्माण इन दोनों जोर-जोर से चल रहा है। फिल्म 'दीदी नंबर 1' को लेकर देव सिंह ने कहा कि यह घर परिवार की फिल्म है और इसकी कहानी बेहद फ्रेश है। फिल्म में मेरी भूमिका की महत्वपूर्ण है। रानी चटर्जी मेरे अपोजिट नजर आ रही हैं। हम सभी मिलकर एक शानदार फिल्म के निर्माण को की जान से लगे हुए हैं। यह फिल्म जब रिलीज होगी, तब सबों को खूब पसंद आएगी। आपको बता दें कि देव सिंह भोजपुरी इंडस्ट्री के ऐसे कलाकार हैं जो सभी भूमिकाओं में फिट नजर आते हैं । और उन्होंने आज तक सभी बड़े और छोटे कलाकारों के साथ काम किया है।



163 कारीगरों की मेहनत

फैशन

एक बार फिर से दुनिया के सबसे बड़े मेगा फैशन इवेंट मेट गाला का आगाज 6 मई से हो चुका है। न्यूयॉर्क शहर के मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट में आयोजित मेट गाला इवेंट में न सिर्फ भारत बल्कि दुनिया भर के बड़े-बड़े सिलेब शिरकत करने पहुंचे हैं। मेट गाला 2024 में इस बार का थीम 'गार्डन ऑफ टाइम: एन ऑड टू आर्ट एंड एटरनिटी है। इवेंट के पहले दिन आलिया भट्ट ने अपने लुक में भारतीय संस्कृति को दर्शाया। आलिया के इस साड़ी लुक को संवारने में 163 कारीगरों की मेहनत रंग लाई।

# बालों को 'हाइलाइट' कराने का है मन तो इन बातों का भी रखें ध्यान

आज के समय में बालों को हाइलाइट कराना हर किसी की पसंद बनता जा रहा है। लेकिन बहुत से लोगों को समझ नहीं आता कि वो किस तरह से बालों को हाइलाइट कराएं। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसी बातों के बारे में बताएंगे, जिनका ध्यान आपको हाइलाइट कराते वक्त और कराने के बाद भी रखना है। अगर आप इन बातों का ध्यान नहीं रखेंगे तो हो सकता है कि आपका लुक बिगड़ जाए।

### सही से करें रंगों का चयन

बालों में हाइलाइट कराते वक्त रंग का चयन ध्यान से करें। हाइलाइट कराने से पहले अपने स्किन टोन का भी ध्यान रखें क्योंकि बालों के रंग में बदलाव की वजह से या तो आपका लुक काफी बेहतर हो जाएगा या हो सकता है कि बिगड़ जाए। ऐसे में रंग का चयन करते वक्त स्किन टोन और मौसम दोनों का ख्याल रखें।



### समझ कर करें जगह का चुनाव

यहां बात बालों की हो रही है, ऐसे में हाइलाइट उसी जगह कराएं, जहां आपको प्रोफेशनल आपके बालों को मैनेज करें। अगर आप किसी ऐसी-वैसी जगह पर हाइलाइट कराएंगे तो हो सकता है कि आपके बाल डैमेज हो जाएं। इसी के चलते बाल वहीं से हाइलाइट कराएं, जहां प्रोफेशनल मौजूद हों।


### कई रंगों से रहें दूर

बहुत से लोग एक साथ दो-तीन रंगों से बालों को हाइलाइट कराते हैं। वैसे तो कई लोगों पर ये लुक अच्छा लगता है लेकिन फिर भी हाइलाइट कराते वक्त ध्यान रखें कि अगर आप कई रंगों का इस्तेमाल करेंगे तो इससे आपका लुक बिगड़ सकता है क्योंकि ये हर किसी पर नहीं जचता। इसके साथ ही अलग-अलग रंगों की वजह से कई केमिकल आपके बालों में जाएंगे, जिससे बाल खराब हो सकते हैं।

### करना होगा अच्छे शैंपू और कंडीशनर का इस्तेमाल

ध्यान रखें कि अगर आप एक बार बालों को हाइलाइट करा लेंगे तो आपको सल्फेट वाले शैंपू से दूर रहना होगा। हाइलाइट कराने के बाद हमेशा अच्छी क्वालिटी के शैंपू और कंडीशनर का इस्तेमाल करें।

# अक्षय तृतीया पर अपनों को तोहफे में दें नए डिजाइन के ऐसे आभूषण



फैशन

अक्षय तृतीया के दिन सोना-चांदी खरीदना काफी शुभ माना जाता है। ऐसे में सभी हिंदू परिवार में इस दिन महिलाएं कुछ न कुछ खरीदती हैं। इस दिन मां लक्ष्मी की पूजा की जाती है। ऐसे में आप भी अपने घर की लक्ष्मी को आभूषण देकर प्रसन्न कर सकते हैं।

**कुंदन नेकपीस:** अगर आप अपनी पत्नी को कुछ हैवी सा नेकपीस तोहफे में देना चाहते हैं, तो इस तरह का कुंदन सेट एक बेहतर विकल्प है। ये देखने में काफी प्यारा लगता है। इसे वो शादी-विवाह में भी कैरी कर सकती हैं।



**कान के झुमके:** अगर कुछ गोल्ड में खरीदना चाहते हैं, तो अपनी पत्नी को सोने के झुमके तोहफे में दें। कान के झुमके हर महिला पहनना पसंद करती हैं। ऐसे में आप उन्हें ये तोहफा दे सकते हैं। अगर आपकी पत्नी को हल्की ज्वेलरी पसंद है तो आप उन्हें टॉप्स भी दे सकते हैं।



**अंगूठी:** जरूरी नहीं है कि आप अपनी पत्नी को हैवी अंगूठी ही दें। आप अपना बजट देखते हुए उन्हें डायमंड या फिर सोने की अंगूठी तोहफे में दे सकते हैं। अगर आपकी पत्नी वर्किंग हैं, तो हल्की सी अंगूठी ही दें, ताकि वो इसे हमेशा पहने रहें।

**डायमंड का सेट:** आजकल की लड़कियों को सोने से ज्यादा डायमंड पसंद आता है। ऐसे में आप उन्हें डायमंड का सेट तोहफे में दे सकते हैं। ये थोड़ा मंहगा जरूर आएगा, लेकिन जब-जब आपकी पत्नी इसे पहनेंगी, तो उनका प्यार आपके प्रति बढ़ जाएगा।

**कमरबंद:** अगर आपकी नई शादी हुई है तो अपनी पत्नी को भारी सा कमरबंद तोहफे में दें। ज्यादातर महिलाओं को चांदी का कमरबंद पहनना पसंद होता है। आप चाहें तो ऐसा कुंदन जड़ा कमरबंद भी उन्हें तोहफे में दे सकते हैं।

**पेंडेंट सेट:** अगर आपकी पत्नी वर्किंग है तो उन्हें इसी तरह का क्यूट का पेंडेंट सेट तोहफे में दें। इसे वो रोजाना में भी कैरी कर सकती हैं। ये देखने में भी प्यारा होता है और इसे खरीदने के लिए आपको ज्यादा पैसे खर्च नहीं करने होंगे।

# मेकअप से पहले बेहद जरूरी होता है प्राइमर लगाना, जानें इसके इस्तेमाल

मेकअप करने का एक सही तरीका होता है। अगर इस तरीके को फॉलो नहीं करते हैं तो चेहरा खराब दिखता है। खासतौर पर अगर बात करें मेकअप के शुरुआती स्टेप की, तो सबसे पहले प्राइमर का इस्तेमाल किया जाता है। लोगों को लगता है कि प्राइमर को वो साधारण क्रीम की तरह ही इस्तेमाल कर सकते हैं लेकिन ऐसा नहीं है। प्राइमर लगाने का भी एक सही तरीका होता है, जिसके बारे में जानना जरूरी है।

### सबसे पहले करें ये काम

कभी भी सीधे प्राइमर को अपने चेहरे पर ना लगाएं। इसके लिए पहले चेहरे को अच्छी तरह से साफ करें। इसके बाद चेहरे पर कोई क्रीम लगाएं। सबसे आखिर में प्राइमर का इस्तेमाल करें। ऐसा करने से प्राइमर सही से सेट हो जाएगा।

### स्किन टाइप का रखें ध्यान

वैसे तो आज के समय में बाजार में आपको कई तरह के प्राइमर बेहद आसानी से मिल जाते हैं, लेकिन अगर आप अपने स्किन टाइप का जरूर ध्यान रखकर इसे खरीदेंगे तो ये ज्यादा फायदेमंद रहेगा। रूखी त्वचा वाले लोग



मॉइश्चराइजर युक्त प्राइमर अपने लिए खरीद सकते हैं।

### सही मात्रा में करें इस्तेमाल

लोगों को लगता है कि प्राइमर का वो जितना चाहें, उतना इस्तेमाल कर सकते हैं लेकिन ऐसा नहीं हैं। दरअसल, अगर आप ज्यादा मात्रा में प्राइमर अपने चेहरे पर लगाएंगे तो इससे आपका मेकअप खराब हो सकता है। अगर आप कम मात्रा में इसका इस्तेमाल करेंगी तो इसे लगाने का कोई फायदा नहीं मिलेगा।

# लड़कियों के लिए सबसे सही हैं शनाया के ये लहंगे

शादी का सीजन चल रहा है। ऐसे में जिसके घर में भी शादी है, वो उत्साह के साथ शादी की तैयारियों में जुटा है। एक समय था, जब लोग सिर्फ इस बात पर ध्यान देते थे कि दूल्हा-दुल्हन का लुक सबसे खूबसूरत लगे लेकिन अब दौर बदल गया है। आज के समय में हर कोई शादी में खूबसूरत दिखना चाहता है। फिर चाहे ये शादी उनके घर में हो, या हो उनके किसी खास दोस्त की।

खासतौर पर लड़कियों की बात करें तो वो शादी के लिए कई-कई महीने पहले से तैयारी शुरू कर देती हैं। वो चाहती हैं कि उनका लहंगा, मेकअप, ज्वेलरी सबसे अलग और खूबसूरत दिखे।

**हरा लहंगा :** अगर आपको डार्क रंग पसंद हैं, तो शनाया का ये हैवी वर्क वाला हरे रंग का लहंगा आपके लिए बेहद खूबसूरत विकल्प है। इस लहंगे के साथ आप भी शनाया की तरह ही ऑफ शोल्डर ब्लाउज कैरी कर सकती हैं। अपने लुक को कंप्लीट करने के लिए आप स्लीक स्टाइल में बन बनाएं।

**गुलाबी अंदाज:** इस तरह का गुलाबी रंग का सिल्क का लहंगा आपको खूबसूरत दिखने में मदद करेगा। बालों में जूड़ा और गले में नेकपीस से आप अपने लुक को पूरा कर सकती हैं।

**सुनहरा अंदाज:** इस तरह का गोल्डन लहंगा और उसके साथ ट्यूब स्टाइल का ब्लाउज आपको शादी में ग्लैमरस लुक देगा। ध्यान रखें कि इसके दुपट्टे को गले में चिपका कर ही डालें, ताकि आपका स्टाइलिश ब्लाउज दिख सके।



**मल्टीकलर लहंगा :** अगर आपको रंग बिरंगी चीजें काफी पसंद हैं, तो इस तरह का मल्टीकलर लहंगा आपको जरूर पसंद आएगा।

इस लहंगे के साथ बैकलेस और स्लीवलेस ब्लाउज बनवाकर आप अपने लुक को पूरा कर सकती हैं।

कार्नर न्यूज

## फैशन मे लड़कों के पास कम विकल्प लेकिन स्टाइलिश दिखना जरूरी

# ड्रेसिंग के ऐसे तरीके अपनाएं लड़के मिलेगा ट्रेंडी और स्टाइलिश लुक

*समय और मौके के मुताबिक कपड़ों का चयन आपको फैशनेबल बनाता है। बात लड़कों के फैशन की करें तो लड़कियों के मुकाबले लड़कों के पास कम विकल्प होते हैं। लेकिन स्टाइलिश दिखने के लिए वह भी अपने तरीके से ड्रेस अप होने और खुद को प्रेजेंट करने का काम करते हैं। अगर आप अपनी पर्सनेलिटी को स्टाइलिश और फैशनेबल तरीके से लोगों के सामने प्रस्तुत करना चाहते हैं तो आपके लिए कुछ टिप्स हैं।*



### सही साइज के कपड़े पहनें

आप कितने भी महंगे या ब्रांडेड कपड़े पहन लें, लेकिन अगर वह आपके बॉडी पर परफेक्ट तरीके से फिट नहीं होते तो उनसे आपका लुक खराब हो जाएगा। किसी भी कपड़े को कैरी करने से पहले आपको अपनी बॉडी टाइप और साइज की सही जानकारी होनी चाहिए। अधिक टाइट या लूज कपड़ों से आपका लुक बेकार लगता है और आप असहज भी महसूस करते हैं।

### कपड़ों के रंग का सही चयन करें

कपड़ों के रंग के सही चयन से भी आप स्टाइलिश दिख सकते हैं। इसके लिए जरूरी है कि आप पर किस रंग के कपड़े जचेंगे, इस बात की जानकारी हो। कपड़ो की मैचिंग भी सही होनी चाहिए। जैसे आपकी पैंट या जींस के रंग पर किस रंग की शर्ट, टी-शर्ट परफेक्ट मैच करेगी। सूज के कलर को भी मैच कराएं।

### कपड़ों को सही ढंग से रखें



परफेक्ट लुक के लिए जरूरी है कि जो भी कपड़े आप पहन रहे हैं वह प्रेजेंटेबल हों। यानी सही ढंग से फोल्ड किए हों या आयरन हों। कपड़े का रंग न उतरा हो और चमक व नयापन बना रहें। इसके लिए वार्डरोब को व्यवस्थित करते रखें। कपड़ों में सिलवटें हो तो उसे बिना आयरन किए न पहनें।

### हेयरस्टाइल और शेव पर भी दें ध्यान

कहते हैं कि पहला इंप्रेशन ब्यूटी होता है। लोग आपके लुक्स को देखते हैं, इसलिए परफेक्ट लुक के लिए अपने हेयरस्टाइल का ध्यान रखें। ट्रेंडी और आप के फेस कट पर सूट करने वाली हेयर स्टाइल लें। इसके अलावा आपको बियर्ड लुक चाहिए या क्लीन शेव रहना है, उसके मुताबिक खुद को मेंटेन करें।



# हाउसफुल 5 में अभिषेक बच्चन की एंट्री ...

**नई दिल्ली।** हाउसफुल सबसे लोकप्रिय फिल्म फ्रेंचाइजी में से एक है। जब से इसकी पांचवीं किस्त की घोषणा हुई है, दर्शक इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मूवी लवर्स के लिए एक और अच्छी खबर है। फिल्म में अभिषेक बच्चन की एंट्री हुई है। फिल्म में अक्षय कुमार, अनिल कपूर, नाना पाटेकर, रितेश देशमुख और चंकी पांडे मुख्य भूमिका में हैं। अब अभिषेक बच्चन अपनी शानदार कॉमेडी टाइमिंग के साथ बोर्ड पर आ रहे हैं। ऐसे में लोग फिल्म से और भी अधिक हंसी और मनोरंजन की उम्मीद कर सकते हैं। इसकी शूटिंग अगस्त 2024 में यूके में शुरू होगी।



लाइफ Style

# सुष्मिता

## दुल्हन बन रैंप पर छाईं

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

डिजाइनर के लिए दूसरी बार शो स्टॉपर रहीं सुष्मिता ने कहा, 'रोहित वर्मा के लिए यह मेरी दूसरी वॉक है, जो खुद को शी कहलाना पसंद करते हैं। वह पक्का करते हैं कि हर पल उत्सव हो।' सुष्मिता ने इस बात पर जोर दिया कि आज के समय में 'समावेशी' होना कितना जरूरी है।

बॉम्बे फैशन वीक में एक्ट्रेस सुष्मिता सेन ने डिजाइनर रोहित वर्मा की कलेक्शन को रैंप पर उतारा। गोल्डन कलर के लहंगे में रनवे पर चलते हुए सुष्मिता बेहद खूबसूरत लग रही थीं। एक्ट्रेस ने अपने लुक को कलीरों और फूलों से कंप्लीट किया, साथ ही उन्होंने बड़े करीने से बंधे जूड़े को भी सजा रखा था। डिजाइनर के लिए दूसरी बार शो स्टॉपर रहीं सुष्मिता ने कहा, 'रोहित वर्मा के लिए यह मेरी दूसरी वॉक है, जो खुद को शी कहलाना पसंद करते हैं। वह पक्का करते हैं कि हर पल उत्सव हो।' सुष्मिता ने इस बात पर जोर दिया कि आज के समय में 'समावेशी' होना कितना जरूरी है।

एक्ट्रेस ने कहा, 'आज के समय में दुनिया में समावेशी होना की बहुत जरूरत है। इसलिए मैं सौभाग्यशाली महसूस करती हूं कि उन्होंने न केवल मुझे तैयार किया, बल्कि मेरी आत्मा को भी तैयार किया और मुझे एकता, सद्भाव और अच्छाई का जश्न मनाने का मौका दिया।'

वहीं, रोहित वर्मा ने शेयर किया कि उनका पूरा कलेक्शन प्यार का जश्न मनाने के इर्द-गिर्द घूमता है। एक्ट्रेस के रैंप वॉक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

हॉलीवुड मसाला



# कान्स महोत्सव में हड़ताल का साया

**लॉस एंजिलिस।** 'कान्स फिल्म महोत्सव' फिल्मों के प्रीमियर और स्टार्स के लुक्स के अलावा अपने विवादों की वजह से सुर्खियां बटोरता आया है। इस साल भी समारोह के शुरू होने से पहले ही खबर आ रही है कि 'कान्स फिल्म महोत्सव' के कर्मचारी समारोह के दौरान हड़ताल कर सकते हैं।' यह विरोध वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर किया जाने वाला है। 'कान्स फिल्म महोत्सव 2024' में 200 से अधिक फ्रांसीसी कर्मचारी हड़ताल पर जाने की योजना बना रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म महोत्सव के कार्यकर्ता और कान श्रमिकों ने वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन का मन बनाया है।



# एडम ड्राइवर के किरदार से उठा पर्दा

**लॉस एंजिलिस।** महान निर्देशक फ्रांसिस फोर्ड कोपोला की लंबे समय से प्रतीक्षित जुनूनी परियोजना 'मेगालोपोलिस' एक बार फिर सुर्खियों में हैं। आखिरकार निर्माताओं ने एडम ड्राइवर की पहली झलक जारी करके दर्शकों को इसके दृष्टिकोण की एक झलक दे दी है। हाल ही में जारी किए गए टीजर में एडम ड्राइवर के किरदार सीजर नामक एक वास्तुकार को दिखाया गया है, जो एक गगनचुंबी इमारत के किनारे पर एक अनिश्चित स्थिति में खड़ा है। यह उच्च जोखिम वाला दृश्य फिल्म के भव्य पैमाने और नाटकीय तनाव के लिए माहौल तैयार करता है। 'मेगालोपोलिस' दशकों से विकास में है, और कोपोला ने महत्वाकांक्षी परियोजना को स्व-वित्तपोषित किया है।



# सुपरस्टार से शादी करके कॅरियर हुआ खत्म

**नई दिल्ली।** किसी एक्ट्रेस की पहली ही फिल्म सुपर-डुपर हिट हो जाए तो वो भूलकर भी शादी नहीं करती और अगर शादी हो जाए तो ये गलती कभी नहीं करतीं कि वो प्रेग्नेंट हो जाए। लेकिन डिंपल कपाड़िया ने करियर की पीक पर पहुंच कर मां बनने का जोखिम उठाया। सुपर स्टार राजेश खन्ना से शादी भी रचा डाली, लेकिन फिर जल्दी ही तलाक भी हो गया। इसने प्रेग्नेंट होने का फैसला तब किया जब ये पहली ही फिल्म बॉबी के बाद एक बड़ी स्टार बन गई थीं और उनके घर के बाहर निर्माता निर्देशकों की कतार लग रही थी। बॉबी फिल्म के रिलीज होने के पहले ही डिंपल राजेश खन्ना के प्यार में पड़ीं और शादी भी कर ली। इतना ही नहीं, शादी होते ही डिंपल कपाड़िया ने फिल्मी दुनिया भी छोड़ दी।



# करण से कॉमेडियन ने मांगी माफी...

**नई दिल्ली।** फिल्म निर्माता करण जौहर ने एक टीवी शो के प्रोमो पर निराशा व्यक्त करते हुए रविवार रात एक इंस्टाग्राम पोस्ट किया। करण ने कहा कि उन्होंने एक कॉमेडियन को अभद्र तरीके से उनकी नकल करते हुए देखा, लेकिन उन्होंने शो, कॉमेडियन या चैनल का नाम नहीं लिया। हालांकि, करणका पोस्ट देखने के बाद तमाम लोगों को संदेह था कि करण केतन सिंह स्टारर फिल्म 'मैडनेस मचाएंगे' के प्रोमो के बारे में बात कर रहे थे। लिहाजा करण की आलोचना पर अब कॉमेडियन ने जवाब दिया है और विनम्रतापूर्वक माफी भी मांगी है। केतन ने एक इंटरव्यू में कहा कि उनका इरादा कभी भी करण को ठेस पहुंचाना नहीं था, 'मैं करण सर से माफी मांगना चाहूंगा।' मैं कॉफी शो में करण जौहर को बहुत देखता हूं। मैं उनके काम का फैन हूं। म

टीवी मसाला

# बाल हनुमान' बोले- अब मैं भी शरारती

**नई दिल्ली।** बाल कलाकार दर्श अग्रवाल शो 'कर्माधिकारी शनिदेव' में बाल हनुमान की भूमिका में नजर आएंगे। उन्होंने बताया कि उन्हें



बाल रूप हनुमान की शरारतें हमेशा आकर्षित करती हैं। बाल हनुमान के रूप में दर्श अग्रवाल की एंट्री के साथ, यह शो शनिदेव और हनुमान के बीच आपसी संबंधों पर प्रकाश डालते हुए एक नए आयाम की खोज करने के लिए तैयार है। दर्श अग्रवाल ने बातचीत में कहा, 'मेरे दादा-दादी मुझे हमेशा बाल हनुमान, श्री कृष्ण और बाल गणेश की कहानियां सुनाते थे। भगवान हनुमान के बाल रूप की शरारतें मुझे हमेशा आकर्षित करती थीं और अब मैं भी शरारती हो गया हूं। मैं अपने दोस्तों और परिवार को मुझे यह किरदार निभाते हुए देखने का और इंतजार नहीं कर सकता।' शो की कहानी शनिदेव पर आधारित है, जिसे भगवान हनुमान नारद मुनी को सुनाते हैं और बताते हैं कि कैसे शनिदेव को 'कर्माधिकारी'कहा जाता है।

## फिर शुरू होगा 'देख भाई देख'

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर शेखर सुमन इन दिनों अपनी अपकमिंग वेब सीरीज 'हीरामंडी' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। उन्होंने फरीदा जलाल से मुलाकात की और उनकी सेहत के बारे में पूछा। साथ ही शेखर ने कहा कि वो जब भी वह 'देख भाई देख' के किसी अभिनेता से मिलते हैं, तो वो पुरानी यादों में खो जाते हैं। उन्हें याद आता है कि वो कैसे वो एक परिवार बन गया था। शेखर सुमन ने आगे कहा, 'उन्होंने प्रीमियर में फरीदा जलाल से बात की और



उन्हें बताया कि अभी फाइनल नहीं है, लेकिन शायद 'देख भाई देख' का दूसरा पार्ट जल्द ही फिर से आएगा।' उन्होंने फरीदा जलाल से कहा कि इस शो में वो जरूर रहेंगी। खास बात ये है कि शो में काम करने के लिए फरीदा जलाल ने हां भी कर दिया है। शेखर ने बताया कि वो पूरी कोशिश कर रहे हैं कि ये शो जल्द शुरू हो। उन्होंने कहा कि एक प्रोडक्शन हाउस से बातचीत चल रही है और अगर सब कुछ ठीक रहा तो लोगों को जल्द ही शो देखने को मिलेगा। 'देख भाई देख' का एक वक्त हर कोई फैन था।

# दुश्मनी भुलाकर राजकपूर की आखिरी बर्थडे पार्टी में पहुंचे थे राजकुमार...

*मुंबई। दिग्गज निर्माता-निर्देशक राज कपूर ने साल 1987 में अपना आखिरी जन्मदिन मनाया था। राज का आखिरी बर्थडे बहुत धूमधाम से सेलिब्रेट किया गया था। इस पार्टी में बड़े-बड़े सितारों ने शिरकत की थी। इसमें राज कुमार भी आए थे। 37 साल पुराना वीडियो वायरल हो रहा है। क्लिप में रणबीर कपूर और करीना कपूर भी नजर आए। राज कपूर सिनेमा जगत के दिग्गज अभिनेता, निर्माता और निर्देशक रहे हैं। उन्होंने अपने अभिनय से दुनियाभर में पहचान हासिल की, फिर निर्देशन और निर्माण के जरिए कई कलाकारों को सुपरस्टार बनाया। आज भले ही वह हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनसे जुड़े किस्से या पुराने वीडियो और तस्वीरें अक्सर वायरल होती रहती हैं। राज कपूर ने 2 जून 1988 में हमेशा के लिए इस दुनिया को अलविदा कह दिया था। इससे पहले 14 दिसंबर 1987 को राज कपूर ने अपना आखिरी जन्मदिन मनाया था। उनके जन्मदिन के जश्न में बॉलीवुड के कई नामी सितारे भी आये थे। सालों बाद वायरल हो रहे वीडियो में दिखाया गया है कि कैसे सितारों ने जश्न को एन्जॉय किया। लाल जैकेट, व्हाइट शर्ट और पैंट में राज कपूर बैठे हुए हैं और सभी मेहमान उनसे मिलकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दे रहे हैं। ऋषि कपूर ने अपने पिता को गले लगकर और पैर छूकर जन्मदिन की बधाई दी। फिर शशि कपूर ने भी भैया के पैर छूकर और गले लगाया बधाई दी। रणधीर कपूर भी मेहमानों के साथ गपशप करते दिखे। एक जगह दिग्गज अभिनेता राज कुमार को राजकपूर के माथे को चूमते हुए देखा गया। उनकी दोस्ती और दुश्मनी खूब चर्चा में रही है। दोनों के बीच साल 1969 में लड़ाई हो गई थी। इसके अलावा जितेंद्र, अनिल कपूर, कबीर बेदी, मंदाकिनी, जैकी श्रॉफ, शत्रुघ्न सिन्हा, रेखा और विनोद मेहरा समेत कई सितारों ने जन्मदिन के जश्न में रौनक बढ़ाई थी।*



# आसिम रियाज को फिर हुआ प्यार

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 13' फेम आसिम रियाज और हिमांशी खुराना ने पिछले साल अपने ब्रेकअप का ऐलान किया था। कपल ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में खुलासा किया था कि अलग-अलग धर्म से ताल्लुक रखने के चलते कपल ने अपनी राहें अलग कर ली। हिमांशी खुराना से ब्रेकअप को 5 महीने ही हुए थे कि अब आसिम रियाज के सोशल मीडिया पोस्ट को देखते हुए उनके फैंस कयास लगा रहे हैं कि शायद उनकी जिंदगी में प्यार ने दोबारा दस्तक दे दी है। हाल ही में 'बिग बॉस 13' के कंटेस्टेंट आसिम रियाज ने अपने सोशल मीडिया पर मिस्ट्री गर्ल संग एक फोटो साझा की है। इस फोटो को शेयर करते हुए एक्टर लिखते हैं, 'जिंदगी चलती रहती है। एक्टर की इस फोटो पर कमेंट करते हुए एक फैन लिखते हैं, 'जो भी हो बस दोनों एक-दूसरे के लिए बेस्ट हो और इस बार बस दोनों की शादी की खबर आएं। वहीं और एक फैन लिखते हैं, 'बहुत बहुत मुबारक हो आसिम आपके लिए बहुत खुश हूं।'



## आशुतोष राणा और विजय राज के साथ चलेगा पृथ्वीराज का जादू

# ओटीटी पर इस हफ्ते लगेगा क्राइम-मिस्ट्री का तड़का

*नई दिल्ली। ओटीटी पर इस हफ्ते क्राइम-मिस्ट्री का तड़का लगेगा। कई लोग सिनेमाघरों में बैठकर फिल्मों का मजा नहीं ले पाते हैं। वे घर बैठे ही रोमांचक शो और फिल्में देखना पसंद करते हैं। दर्शकों के लिए मई का दूसरा हफ्ता धमाकेदार साबित होने वाला है, क्योंकि इस हफ्ते कई वेब सीरीज और फिल्में रिलीज होने वाली हैं।*

**आवेशम :** 'आवेशम' 2024 की मलयालम एक्शन कॉमेडी फिल्म है, जिसका निर्देशन जीतू माधवन ने किया है। यह नाजरिया नाजिम और अनवर रशीद द्वारा निर्मित है। 'आवेशम' तीन किशोरों के इर्द-गिर्द घूमती है, जो बेंगलुरु आते हैं और झगड़े के बाद एक स्थानीय गैंगस्टर से दोस्ती करते हैं। इसमें फहद फासिल, मिथुन जय शंकर और रोशन शनावास मुख्य भूमिकाओं में हैं और अन्य सहायक भूमिकाओं में हैं। फिल्म का संगीत सुशीन श्याम का है, जबकि समीर ताहिर ने सिनेमैटोग्राफी संभाली है और विवेक हर्षन ने संपादन किया है। 'आवेशम' 9 मई को अमेजन प्राइम वीडियो पर अपना ओटीटी डेब्यू करेगा।






**रत्नम :** 'रत्नम' हरि द्वारा निर्देशित 2024 की तमिल एक्शन फिल्म है, जो स्टोन बेंच फिल्म्स, जी स्टूडियोज और इनवेनियो ओरिजिन द्वारा निर्मित है। इसमें विशाल मुख्य भूमिका में हैं, उनके साथ प्रिया भवानी शंकर, रामचंद्र राजू और अन्य प्रमुख भूमिका में हैं। यह फिल्म 'थमीराभरानी' और 'पूजाई' के बाद विशाल और निर्देशक हरि के बीच तीसरे सहयोग का प्रतीक है। रत्नम कथित तौर पर इस सप्ताह अमेजन प्राइम वीडियो पर अपना ओटीटी डेब्यू करने के लिए तैयार है।

**8 एएम मेट्रो :** '8 एएम मेट्रो' एक पुरुष और एक महिला के इर्द-गिर्द घूमती है, जो रेलवे प्लेटफॉर्म पर मिलने के बाद दोस्त बन जाते हैं। फिल्म में गुलशन देवैया और सैयामी खेर मुख्य भूमिका में हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म 10 मई को जी5 पर रिलीज होगी।



**आडुजीविथम - द गोट लाइफ :** 'आडुजीविथम - द गोट लाइफ' 2024 का मलयालम सर्वाइवल ड्रामा है, जो ब्लेसी द्वारा निर्देशित और सह-निर्मित है। यह बेन्यामिन के 2008 के उपन्यास 'आडुजीविथम' पर आधारित है, जो सऊदी अरब में चरवाहे के रूप में गुलाम बनाए गए एक मलयाली श्रमिक नजीब की सच्ची कहानी से प्रेरित है। यह फिल्म भारत-अमेरिका सहयोग से बनाई गई है, जिसमें पृथ्वीराज सुकुमारन, जिमी जीन-लुई और केआर गोकुल हैं, जबकि तालिब अल बलुशी, रिक एबी, अमला पॉल और शोभा मोहन की सहायक भूमिकाएं हैं। यह उपन्यास के प्रतिबंध के समान संयुक्त अरब अमीरात को छोड़कर सभी खलीजी देशों में प्रतिबंधित है। 10 मई से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर 'आडुजीविथम' स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध होगी।



**खबर संक्षेप**

## निःशक्तजन को मिली मतदान रथ की सुविधा

**पुसौर।** पुसौर जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोतमा के सरपंच आशीष गुप्ता के द्वारा 7 मई को लोकसभा चुनाव के मतदान के दौरान एक मतदाता रथ का निर्माण किया और अपने क्षेत्र के निशख्त एवं शिशुवती माताओं को मतदान केन्द्र तक पहुंचाया गया। ज्ञात हो कि गोतमा पंचायत अंतर्गत केशापाली एवं ठाकुरपाली आश्रित ग्राम है इसमें केशापाली में ज्यादातर दिव्यांग जन हैं जो वोट करने बुथ तक नहीं पहुंच पाते ऐसे स्थिति में यह मतदाता रथ इन्हें मददगार साबित हुआ। मतदान के बीच यह मतदाता रथ समूचे ग्राम पंचायत क्षेत्र में घुमता रहा और जरूरत के मुताबिक वहां पहुंच कर मतदान केन्द्र में पहुंचाने का कार्य किया जिससे यहां मतदान का प्रतिशत लगभग 90 प्रतिशत बताया जा रहा है।

## जयमाला सिंह कांग्रेस की राष्ट्रीय समन्वयक



**रायगढ।** कांग्रेस पार्टी ने आदिवासी कांग्रेस में कई नेताओं को नियुक्ति दी है। रायगढ़ की जयमाला सिंह को राष्ट्रीय समन्वयक बनाया गया है। राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल ने इस संबंध में औपचारिक आदेश जारी किए। अपना पुराना जनाधार खोज रही कांग्रेस पार्टी ने पुराने नेताओं को महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्तियां दी हैं। आदिवासियों के लिए जल, जंगल, जमीन की लड़ाई लड़ रही कांग्रेस ने अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस में कई नेताओं को जगह दी है। राजपरिवार की कांग्रेस नेत्री जयमाला सिंह को राष्ट्रीय समन्वयक बनाया गया है। उनके साथ बापू हरि चौरे को भी राष्ट्रीय समन्वयक नियुक्त किया गया है। वहीं छग के आदिवासी नेता व विधायक कवासी लखमा और पूर्व मंत्री अमरजीत भगत को नेशनल एक्जीक्यूटिव कमेटी में शामिल किया गया है। ज्वाइंट कोऑर्डिनेटर्स में अमिता बिस्वाल, लक्ष्मी ठाकुर, बॉबी भगत, संतोष दीवान को रखा गया है।

## बिना रायल्टी श्रीजी इंफ्रा की 5 गाडियां जब्त

**रायगढ़।** खरसिया से पत्थलगांव रोड निर्माण कर रही ठेका कंपनी श्रीजी इंफ्रास्ट्रक्चर की पांच हाईवा को बिना रॉयल्टी के गिट्टी ले जाते पकड़ा गया। केवल निजी निर्माण कार्यों में ही बिना रॉयल्टी की गिट्टी रेत उपयोग नहीं हो रही है बल्कि सरकारी कामों में भी ऐसा हो रहा है। खरसिया से पत्थलगांव रोड निर्माण कर रही ठेका कंपनी श्रीजी इंफ्रास्ट्रक्चर की पांच हाईवा को बिना रॉयल्टी के गिट्टी ले जाते पकड़ा गया। खरसिया से धरमजयगढ़ होते हुए पत्थलगांव तक रोड का निर्माण श्रीजी इंफ्रा कंपनी कर रही है। रोड में रेत और गिट्टी का भी इस्तेमाल हो रहा है। ठेका कंपनी धरमजयगढ़ में ही सुनील कुमार अग्रवाल के क्रशर से बिना रॉयल्टी पर्ची के गिट्टी का परिवहन कर रही है। खनिज निरीक्षक आशीष गढ़पाले ने शनिवार को क्षेत्र में जांच की। हाईवा क्रमांक सीजी 04 पीडी 1293, सीजी 04 पीसी 5752, सीजी 04 पीडी 1291, सीजी 04 पीडी 1292 और सीजी 04 पीसी 1279 को रोककर जांच की। पांचों गाड़ियों में गिट्टी लोड मिली जो सुनील कुमार अग्रवाल के क्रशर से लाई जा रही थी। किसी में भी रॉयल्टी पर्ची नहीं थी। सभी वाहनों को जब्त कर धरमजयगढ़ थाने के सुपुर्द किया गया है। बिना टीपी के खनिजों का अवैध परिवहन कर राजस्व हानि पहुंचाई जा रही है। पीडब्ल्यूडी के सडक़ निर्माण में भी बिना रॉयल्टी खनिज का उपयोग हो रहा है। जबकि बिना क्लीयरेंस के बिल पास नहीं किया जा सकता।

## एक ही मतदान केन्द्र में 18 सौ मतदाता

**पुसौर।** पुसौर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत गढउमरिया में पिछले कई वर्शो से 3 मतदान केन्द्र है इसमें एक मतदान केन्द्र में 600 मतदाता दूसरे में 1100 और तीसरे में 1800 मतदाता है। जो आए दिन चुनाव के समय दो पोलिंग बूथ में चुनाव समाप्त होने के बाद एक पोलिंग बुथ में लंबी कतार बनी रहती है जिससे संबंधित मतदाता एवं निवार्चन अमला को अनायास परेशानी का सामना करना पड़ता है समान संख्या में वोटरों का बंटवारा ही समस्या का स्थाई निदान है।

### चोरी की घटनाएं और अश्लीलता बढ़ी, प्रशासन मौन

# प्रतिबंधित स्थल पर जलक्रीड़ा के लिए रोजाना जुट रही सैकड़ों की भीड़



**हर साल होती है घटना**

शहर के गोवर्धनपुर के पास स्थित पचधारी एनीकट प्रतिबंधित होनें के बावजूद लोगों की भारी भीड यहां उमडती है साथ ही साथ लापरवाही से इस स्थल पर हर साल किसी न किसी की मौत होती रही है। प्रशासन ने भी इसी बात को लेकर इस स्थल पर नहाने पर प्रतिबंध लगाने का आदेश था। जिसके बाद प्रतिबंध को बोर्ड लगाये जाने के बावजूद हर साल गर्मी के दिनों में शहरवासी इस बोर्ड को नजर अंदाज करते हुए गर्मी से राहत पाने बडी संख्या में इस जगह पहुंचते है।

**चोरी की घटनाएं भी बढ़ी**

गर्मी के दिनों में गर्मी से राहत पाने शहरवासी के अलावा आसपास के जिलों से भी आए दिन सैकड़ो की संख्या में अपने परिवार समेत शहर के गोवर्धनपुर में स्थित पंचधारी में पहुंचकर गर्मी से निजात पाने पहुंचते हैं, मगर यहां होनें वाली भीड भाड का फायदा चोरों को हो रहा है जो छोटी बडी चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे है और पकड़े जाने के बाद मारपीट की घटना तक हो जा रही है।

**महिलाओं युवती से होती है छेड़छाड़**

पंचधारी में महिलाओं और युवतियों के साथ छेड़छाड़ की घटनाएं भी लगातार बढ़ी है चूंकि पानी में नहाते समय अपने परिवार के साथ गई युवतियां व महिलाओं को मनचले युवक अश्लील दृष्टि से देखते हैं और गंदे कमेंटेस करने से भी बाज नही आते। साथ ही साथ पचधारी के आसपास असामाजिक तत्वों का दल एक साथ बैठकर शराब सेवन करते हुए आसानी से देखा जा सकता है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर में बढ़ती हुई गर्मी से राहत पाने एक बार फिर से पचधारी में लोगों की भारी भीड़ जुटना शुरू हो चुका है। जिससे इस जगह में छेडछाड मारपीट की घटनाएं भी प्रतिदिन घटित हो रहा है। खासकर रविवार के दिन पचधारी में मेले सा माहौल निर्मित हो जाता है इस दौरान यहां जरा सी लापरवाही में यहां अनहोनी घटना घटित होनें से इंकार नही किया जा सकता। शहर के गोवर्धनपुर के पास जीवनदायिनी कहे जाने वाली केलो नदी पचधारी में शहरवासी महिलाए पुरूष व बच्चे सुबह से लेकर शाम तक बड़ी संख्या में पहुंचकर पानी में नहा कर गर्मी से राहत महसूस कर रहे हैं। यहां आने वाले लोग बताते हैं कि इस भीषण गर्मी में पचधारी में पहुंचकर नहाने से ही उन्हें बढ़ी हुई गर्मी से कुछ हद तक राहत मिलती जरूर है। इस वजह से यहां प्रतिदिन लोगों की भारी भीड़ जुटने लगी है। रायगढ़ शहर के अलावा आसपास गांव के साथ.साथ अन्य जिलों से भी लोग यहां आने लगे हैं। इस स्थल पर शुरूआती दौर में प्रशासन ने प्रतिबंध लगाने के जतन किए थे जो धराशायी हो गए।



## 145 पोलिंग बूथ के 2 ईवीएम में खराबी, हुई तत्काल व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

पुसौर तहसील क्षेत्र के 145 मतदान केन्द्रों में से छातामुरा और छोटेहरदी मतदान केन्द्रों के इव्हीएम मशीन खराब होने का मामला प्रकाश में आया है उक्ताशय पर तहसीलदार नेहा उपाध्याय ने बताया कि खराब पाए जाने की स्थिति में स्पेयर में रहे मशीनों को वहां रखा गया और मतदान कराया गया।

इस बीच क्वीक रिस्पांस टीम के कई दल मतदान केन्द्रों का सतत निगरानी करते मिले और जहां जो परेशानी रही उसे हल करने की कोशिश की। औरदा पोलिंग बुथ में आर आई नुतन पेंकरा के टीम ने बताया कि तहसीलदार मेडम के मार्गदर्शन में जहां ईव्हीएम बदलनी पडी, बदला गया है वहीं छोटी मोटी आई खराबी को एक्सपर्ट द्वारा सुलझाया जाकर मतदान प्रक्रिया को आगे बढाया गया और संपन्न भी हुआ। जानकारी के मुताबिक औरदा में कुछ मामुली आपसी कहासुनी यहां के सरपंच शुक्लांबर सारथी के साथ हुई जिससे टीआई को वहां जाना पडा और मामला इतने में शांत भी हो गया। कहीं भी कोई अप्रिय अथवा विवादित घटना नहीं हुई।

## एग्जिट पोल के आयोजन और प्रसारण पर 1 जून तक प्रतिबंध

**सारंगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के प्रावधानों के तहत किसी भी तरह के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण पर 19 अप्रैल से 01 जून की शाम 06.30 बजे तक प्रतिबंध है और इस अवधि में लोकसभा आम निर्वाचन के संदर्भ में किसी भी तरह के एग्जिट पोल का आयोजन करने तथा किसी भी मीडिया में इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से उसका प्रचार प्रसार करने पर प्रतिबंध होगा। अधिसूचना में यह स्पष्ट किया है कि लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत संबंधित मतदान समाप्त होने के 48 घंटों की अवधि के दौरान किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा।

# पीडब्ल्यूडी के तीन अधिकारी निलंबित और बहाल, सड़क निर्माण जस का तस

■ खरसिया से धरमजयगढ़, पत्थलगांव तक रोड को ठेकेदार ने उलझाया



**रायगढ।** जिस सडक़ ने तीन अधिकारी सस्पेंड करवा दिए वह अभी भी समय पर पूरी होती नहीं दिख रही जबकि निलंबित अधिकारी बहाल भी हो गए। रायगढ़ में सडक़ों की खराब हालत से राज्य सरकार भी वाकिफ है। मुख्यमंत्री खुद जशपुर के हैं। जशपुर के लोग रायगढ़ होकर ही रायपुर जाते हैं। इसलिए धरमजयगढ़, घरघोड़ा, तमनार, लैलूंगा सभी जगहों की सडक़ों की जानकारी सीएम हाउस को मिल जाती है। पीडब्ल्यूडी सेक्रेटरी भी सडक़ों का जायजा लेने पहुंचे थे। रायगढ़ की पांच सडक़ों की समीक्षा हर महीने हो रही है। जून तक चार सडक़ों की स्थिति चलने लायक हो जाएगी। राज्य शासन ने 2021 में चंद्रपुर, डभरा, खरसिया, धरमजयगढ़ से पत्थलगांव तक 91 रोड के लिए 147 करोड़ रुपए की मंजूरी दी है। मई 2024 तक इसकी डेडलाइन है। इस रोड का ठेका श्रीजी इंफ्रास्ट्रक्चर को मिला है। रोड निर्माण में गुणवत्ता खराब हुई तो दो सब इंजीनियर और ईई को शासन ने सस्पेंड कर दिया था। इसके पहले ईई आरके खाम्बरा ने धीमी गति से निर्माण करने के कारण एग्रीमेंट टर्मिनेट कर दिया था। करीब चार महीने टर्मिनेशन के दौरान अधिकारी सस्पेंड हो गए। इसके बाद वापस से एग्रीमेंट बहाल कर दिया गया। लेकिन निर्माण अब भी स्लो है। इसी महीने डेडलाइन है। पांच महीने के ग्रेस पीरियड में ठेका कंपनी को तेजी से काम करने कहा जा रहा है। ठेकेदार को टुकड़ों में जरूरत के हिसाब से काम करने का आदेश दिया गया है ताकि बारिश के पहले रोड चलने लायक हो जाए। भारी वाहनों की आवाजाही के कारण डामर रोड नहीं टिक रही है। घटिया क्वॉलिटी के कारण भी रोड धंसती है। धरमजयगढ़ से पत्थलगांव 34 किमी को तीन हिस्सों में पूरा किया जाएगा। इसी तरह हाटी से धरमजयगढ़ 19 किमी रोड परफॉरमेंस गारंटी में है। इसे मेंटेन किया जाएगा।

## कोडातराई क्षेत्र को पुसौर थाने में सम्मिलित करने उठ रही मांग

**पुसौर।** कुछ साल पहले पुसौर थाना क्षेत्र में रायगढ और खरसिया के करीब के ग्राम भी आते थे और इसमें कोडातराई, नेतनागर सहित लगभग 25 ग्राम ऐसे है जो आज भी पुसौर जनपद और तहसील से जुडे हैं लेकिन ये ग्राम रायगढ जुटमिल थाना क्षेत्र में आते हैं जिससे इस क्षेत्र के रहवासियों को उल्टी दिशा में बहने का भान होता है और उन्हें कई तरह के परेशानियों का सामना करना पड़ता है उक्ताशय को लेकर पुसौर जनपद के उपाध्यक्ष गोपी चौधरी ने बताया कि पहले कोडातराई क्षेत्र पुसौर में था तो हमें काफी सुविधा जनक होता था। कुछ साल से हमारा क्षेत्र को रायगढ जुटमिल थाना में जोड दिया गया है जिससे काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



## उमेश ने पंडरीपानी में लगवाया ट्रांसफार्मर

**रायगढ।** विधायक उमेश पटेल के निर्देश पर बिजली विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों ने ग्राम पंडरीपानी प में सोमवार को नया ट्रांसफार्मर लगाया। जिसके बाद पुनः बिजली की सप्लाई शुरू हुई। गांव में पुनः बिजली आने से ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है। गांव के किसानों तथा ग्रामीणों ने विधायक उमेश पटेल का धन्यवाद करते हुए आभार ज्ञापित किया है। साथ ही बिजली विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों का भी धन्यवाद ज्ञापित किया है जिन्होंने नया ट्रांसफार्मर स्थापित कर ग्रामीणों को राहत दी है। खरसिया विधानसभा के ग्राम पंचायत पंडरीपानी का ट्रांसफार्मर विगत दिनों अचानक से खराब हो गया थाए जिससे लाईन की सप्लाई बंद हो गई थी। भीषण गर्मी में लाईन नहीं होने से ग्रामीणों को काफी ज्यादा परेशानियों को सामना करना पड़ रहा था। जिसके बाद गांव के जागरूक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फोन के माध्यम से खरसिया विधायक उमेश पटेल को इसकी सूचना दी थी।

# बदले मौसम ने बढ़ाए इंफेक्टिव डायरिया के मरीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

■ मेडिकल स्टोर्स पर बढ़ी ओआरएस और जिंक की टेबलेट की खपत

यह आमजन के लिए चिंता की बात है। वायरस के अनुकूल मौसम होते ही जिले में वायरल जनित बीमारियां ने पैर पसार लिए हैं। मेडिसिन ओपीडी में 40 प्रतिशत से ज्यादा मरीज इंफेक्टिव डायरिया, पीलिया के मरीज आ रहे हैं।

दवाओं की दुकानों पर जिंक टेबलेट, ओआरएस की खपत बढ़ गई है। जिला अस्पताल के मेल व फीमेल मेडिकल वार्ड में करीब 15 प्रतिशत मरीज वायरल हिपेटाइटिस, इंफेक्टिव डायरिया व पीलिया के मरीज भर्ती है। चिकित्सकों ने बताया कि तापमान में ऐसा उतार चढ़ाव जारी रहने पर आगामी दिनों डेंगू व मलेरिया के मरीज आने लगेंगे। चिकित्सकों के अनुसार दिन में गर्मी और रात में मामूली ठंडक के कारण वायरस और मच्छरों के पनपने के लिए मौसम अनुकूल बन गया है। वहीं खान पान की सामग्री में कुछ समय बाद ही बैक्टिरिया या वायरस बनने लगते हैं जो उल्टी दस्त का कारण बनता है। समय पर चिकित्सकों को नहीं दिखाने से आंतों में बैक्टिरियल संक्रमण शुरू हो जाता है। अब स्वाइन लू और डेंगू का खतरा-अब स्वाइन लू और डेंगू का खतरा मंडराने लगा है। चिकित्सकों के अनुसार स्वाइन लू के लक्षण मौसमी बीमारियों के जैसे होते हैं। आमतौर पर स्वाइन लू के लक्षण हर पांच छह साल बाद यूटेंट होकर सक्रिय हो जाता है। ऐसे में रायगढ में वर्ष 2015 में स्वाइन लू के काफी मरीज मिले थे। वहीं जिले के तीन ब्लॉक में दो माह में एक दर्जन से ज्यादा डेंगू पॉजिटिव मिल चुके हैं। लेकिन स्वास्थ्य विभाग निजी अस्पताल की महज रिपोर्ट पर इसकी पुष्टि नहीं मानता।




**मरीज बढ़े हैं**

मौसम में बदलाव के कारण पीलिया, डायरिया व उल्टी दस्त के मरीज बढ़ गए हैं। फिलहाल अस्पतालों के वार्डों में करीब 15 प्रतिशत मरीज पीलिया व डायरिया के भर्ती है।

-डॉ. टीसी पटेल
एमडी

**दवा की खपत बढ़ी है**

गर्मी के सीजन को देखते हुए ग्लुकोज और ओआरएस की खपत बढ़ी है। डायरिया के मरीज बढ़ने से आगामी दिनों में इनकी बिक्री और बढेगी।

-संजीव पटेल
जिला केमिस्ट एसोसिएशन

## मोबाइल रिपेयरिंग निशुल्क प्रशिक्षण आज से

**सारंगढ़।** रायगढ़ एवं सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के ग्रामीणों के लिए 9 मई 2024 से शुरू होने वाले मोबाइल रिपेयरिंग सेलफोन सर्विसिंग और सुधार के निशुल्क प्रशिक्षण के लिए पंजीयन वाट्सअप नंबर 7974942078 में किया जा सकता है। भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, रायगढ़ में मोबाइल रिपेयरिंग सेलफोन सर्विसिंग और सुधार का 30 दिवसीय प्रशिक्षण 09 मई से प्रारंभ किया जाएगा। प्रशिक्षण के लिये पंजीयन प्रारंभ हो चुका हैं। इस प्रशिक्षण के लिए रायगढ़ एवं सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार के शिक्षित बेरोजगार युवक, युवती एवं महिला पुरुष को प्रशिक्षण दिया जाना हैं। प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए उम्र 18 वर्ष से 45 वर्ष एवं कम से कम 08 वीं पास और 12वी पास होना अनिवार्य हैं।

## सीजी हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी बोर्ड के नतीजे आज

**रायगढ।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल गुरुवार 9 मई को 10वीं और 12वीं बोर्ड के नतीजे जारी करने जा रहा है। इस आदेश की जानकारी माध्यमिक शिक्षा मंडल की सचिव पुष्पा साहू ने दी है। बता दें कि कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन 2 मार्च से 24 मार्च तक किया गया। वहीं 12वीं क्लास की परीक्षाओं का आयोजन 1 से 31 मार्च तक किया गया था।



उल्लेखनीय है कि माध्यमिक शिक्षा मंडल ने पहले ही बताया था कि, तीसरे चरण के चुनाव के बाद 10वीं और 12वीं बोर्ड के नतीजे जारी कर दिए जाएंगे। आज जारी पत्र के बाद यह तय हो गया है कि, कल दोपहर 12.30 बजे नतीजे जारी होंगे। माध्यमिक शिक्षा मंडल के सभागृह में जारी किए जाएंगे परिणाम। माध्यमिक शिक्षा मंडल की अध्यक्ष रेणु पिल्ले और सचिव पुष्पा साहू घोषित करेंगी परिणाम। अचार संहिता की वजह से इस बार शिक्षा मंत्री शामिल नहीं होंगे। माध्यमिक शिक्षा मंडल की सचिव पुष्पा साहू ने बताया कि, रिकार्ड समय में मूल्यांकन पूरा होने के बाद नतीजे कल घोषित किए जाएंगे। ये नतीजे पिछले वर्ष से पांच दिन पहले जारी किए जा रहे हैं। ये नतीजे के आफिशियल वेबसाइट या पर लिंक को एक्टिव कर दिया जाएगा।

# दुर्घटनाग्रस्त युवक की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत



**रायगढ।** एनआर इस्पात और रायगढ़ इस्पात के बीच संदिग्ध हालत में जख्मी मिले युवक की मेकाहारा में मौत हो गई। आशंका है कि अज्ञात वाहन की गिरफ्त में आने से युवक की जिंदगी खत्म हुई है। पूंजीपथरा पुलिस तहकीकात कर रही है। घटना की विवेचना कर रहे सहायक उपनिरीक्षक विजय कुमार एक्का ने बताया कि गेरवानी से सराईपाली रोड में विगत 4 मई की सुबह तकरीबन 8 बजे एनआर इस्पात और रायगढ़ इस्पात के बीच एक युवक बुरी तरह घायल अवस्था में बेसुध पड़ा मिला। चूंकि युवक के चेहरे में जख्म थे तो उसका हाथ भी टूटा था इसलिए राहगीरों ने मौके की नजाकत भांप पूंजीपथरा थाने में इसकी सूचना दी। थाना प्रभारी त्रिनाथ त्रिपाठी ने मातहत स्टाफ को घटना स्थल भेजा। वर्दीधारियों ने मौके का जायजा लेते हुए आहत को वाहन से रायगढ़ के मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। माना जा रहा है कि बेलगाम रफ्तार के कहर ने युवक की जान ली होगी। मृतक के पास ऐसा कुछ नहीं मिला जिससे उसकी शिनाख्त हो सके इसलिए पुलिस ने शव को लावारिस मानते हुए जिला चिकित्सालय के मर्च्यूरी रूम में रखवाया।

## उपभोक्ता फोरम में आवेदक का परिवाद साबित हुआ गलत, मुकदमा खारिज

**रायगढ़।** उपभोक्ता फोरम की स्थापना दुकानों, प्रतिष्ठानों की मनमानी से परेशान ग्राहकों के हितों का संरक्षण करने हुआ है। कई बार ऐसे भी मामले आते हैं जब ग्राहक खुद ही झूठा दावा करता है। तब फोरम को दुकानदार के पक्ष आदेश करना पड़ता है। ऐसे ही एक मामले में फोरम ने चॉकलेट खाकर तबीयत खराब होने का दावा करने वाली महिला के तर्कों को झूठा पाया और परिवाद ही खारिज कर दिया। मामला रतेरिया प्रोविजन स्टोर गोपी टॉकीज रोड का है। आवेदिका मंजू साहू पिता अशोक साहू निवासी छोटे अतरमुड़ा ने उपभोक्ता फोरम में रतेरिया प्रोविजन किराना स्टोर के खिलाफ परिवाद दायर किया। मंजू ने दुकानदार से व्यापारिक दुराचरण की क्षतिपूर्ति 1.50 लाख रुपए नोटिस खर्च 50 हजार रुपए और न्यायालयीन व्यय 5000 रुपए कुल 2.05 लाख रुपए एवं इस पर 6 प्रश की दर से ब्याज भी मांगा। आवेदिका मंजू का कहना था कि बीते 18 सितंबर 2023 को उसने अपनी सहेली रीमा साहू के साथ रतेरिया प्रोविजन से दो नग फाइव स्टार चॉकलेट खरीदा। बिल मांगने पर दुकानदार ने अभद्र व्यवहार किया। उक्त चॉकलेट एक्सपायरी डेट की थी। चॉकलेट खाकर परिवादिनी की सहेली रीमा के पेट में दर्द होने लगा। परिवाद के साथ स्पर्श क्लिनिक की मेडिकल रिपोर्ट भी संलग्न की गई।

# पुल निर्माण में बाधा, रायगढ़-सारंगढ़ सरायपाली एनएच निर्माण अधूरा

**रायगढ़।** राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग ने रायगढ़ से सारंगढ़ सराईपाली रोड को अधर में फंसा दिया है। सडक़ का काम तो जैसे तैसे पूरा कर लिया जाएगा लेकिन महानदी में बनने वाले पुल का काम शायद ही पूरा हो। इस साल भी काम का सीजन खत्म होने को है लेकिन पानी कम करने कोई सूचना तक नहीं है।

रायगढ़ से सरायपाली तक करीब 87 किमी एनएच प्रोजेक्ट का टेंडर जनवरी 2015 में हुआ था। एरा इंफ्रा इंजीनियरिंग को 328 करोड़ में काम मिला था। तीन साल में इस रोड का काम पूरा किया जाना थाए लेकिन प्रोजेक्ट अधूरा ही है। एरा दिवालिया हुई तो जेएस ग्रोवर कंस्ट्रक्शन को ठेका सबलेट किया गया था। यह कंपनी भी काम छोडक़र भाग गई। नौ साल में भी 87 किमी रोड पूरी नहीं बन सकी है। पीडब्ल्यूडी राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग ने तीन भागों में टेंडर जारी किया है। पहले भाग में गोमर्डा अभ्यारण्य से पहले डामर रोड स्टार्ट प्वाइंट से सरायपाली तक लिया गया है। इसका टेंडर जारी कर दिया गया है। 96.31 करोड़ की मंजूरी मिली थी। तीनों हिस्सों को मिलाकर करीब कुल 355 करोड़ रुपए खर्च होने हैं। जबकि 2015 में पूरे 87 किमी रोड का ठेका 328 करोड़ का था। प्रोजेक्ट के पूरा होने में सबसे बड़ा काम चंद्रपुर में बनने वाला नया पुल है। यह तब तक नहीं बन सकता, जब तक साराडीह बैराज से पानी न छोड़ा जाए। पुल निर्माण साइट हमेशा पानी में डूबा रहता है। किनारे के पिलर तो फिर भी उठ गए हैं, लेकिन बीच में काम शुरू ही नहीं हो सका है। इसके लिए 97 करोड़ का इस्टीमेट है। यह सत्र भी 15 जून को खत्म हो जाएगा। बारिश के सीजन में तो पुल का काम करना वैसे भी संभव नहीं है।



जलाशय में पानी भरने से निर्माण हुआ मुश्किल

